कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष
आयुक्तालय जोधपुर

Phone No.0291-2650778-779/100/112
9530440800

jodhpurpolice | @cp_jodhpur | CP Jodhpur

प्रेस नोट

(दिनांक 19.01.2026)

- जोधपुर पुलिस का नवाचार : रूट मार्च, पैदल गश्त एवं बाइक बीट गश्त
- आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय का संदेश
- बाइक बीट गश्त से युवाओं से संवाद: नशा मुक्त जीवन शैली हेतु प्रेरित
- बाइक गश्त नवाचार से पुलिस थाना बीट क्षेत्र में स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित हुआ।
- जोधपुर पुलिस के इस नवाचार से आमजन तक पुलिस की पहुंच और अधिक सशक्त हुई है।
- स्थानीय नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, जिससे वे अपराधी गतिविधियों की जानकारी भी साझा करने लगे हैं।
- कालिका पेट्रोलिंग टीम द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर बीट गश्त के दौरान स्थानीय महिलाओं से किया संवाद।
- डॉग स्क्वाड टीम द्वारा संवेदनशील भीड़भाड़ क्षेत्रों में चलाया सर्च ऑपरेशन।

सायंकालीन रूट मार्च का आयोजन-

श्रीमान ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार, अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु दिनांक 19.01.2026 को जोधपुर पुलिस द्वारा सायंकालीन रूट मार्च का आयोजन किया गया।

रूट मार्च पुलिस थाना एयरपोर्ट हल्का क्षेत्र में निकाला गया।

नेतृत्व एवं सुपरविजन-

रूट मार्च श्रीमती पीडी नित्या पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व, श्री वीरेंद्र सिंह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व व श्री सुनील के.पंवार अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के सुपरविजन तथा थानाधिकारी श्री रामकृष्ण ताड़ा निपु.के नेतृत्व में पुलिस थाना एयरपोर्ट से शुरू होकर सांसी कॉलोनी तक पहुंच संपन्न हुआ।

रूट मार्च का मार्ग-

रूट मार्च पुलिस थाना एयरपोर्ट से प्रारंभ होकर निम्न मार्गों से होते हुए सांसी कॉलोनी तक संपन्न हुआ:-

पुलिस थाना से अफसर मैस तिराहा, टेम्पो स्टैंड, एयरफोर्स, के.वी. नं. 1, ग्रीन गेट चौराहा, पांचबत्ती चौराहा, डिफेंस लैब, हमीद बाग चौराहा, नाका-10, शिकारगढ़, मीनी मार्केट, नाका-10, इंडाना होटल, पाबूपुरा, सांसी कॉलोनी पर रूट मार्च सम्पन्न हुआ।

रूट कुल 25 किलोमीटर।

रूट मार्च में सम्मिलित बल-

रूट मार्च में निम्न पुलिस इकाइयाँ सम्मिलित रहीं—

- पुलिस थाना एयरपोर्ट-मोबाइल एवं चेतक वाहन
-ART, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट (ईस्ट एवं वेस्ट)
-QRT, वज्र वाहन, अग्नि वर्षा वाहन
-डॉग स्क्वॉड, इंटरसेप्टर वाहन
-घुड़सवार दस्ता, ड्रोन यूनिट
-पुलिस कंट्रोल रूम, रिजर्व पुलिस लाइन का जाब्ता

रूट मार्च के दौरान ड्रोन टीम द्वारा ड्रोन से भी संवेदनशील एवं भीड़ भाड़ क्षेत्रों को सर्विलेंस किया गया।

इस रूट मार्च के माध्यम से आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय तथा सामाजिक सौहार्द, भाईचारा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का सशक्त संदेश दिया गया।

जोधपुर पुलिस का नवाचार : पैदल गश्त-

पुलिस आयुक्त महोदय के आदेशानुसार, समस्त वृत्त सहायक पुलिस आयुक्तों के नेतृत्व में सभी थानाधिकारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के भीड़भाड़ व संवेदनशील स्थानों—

बस स्टैंड, चौराहे, होटल, रेस्टोरेंट, मॉल, पार्क आदि में संध्याकालीन पैदल गश्त की गई।
इस दौरान आमजन से संवाद कर क्षेत्रीय गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई।
पैदल गश्त के दौरान डॉग स्क्वायड टीम द्वारा भीड़भाड़ संवेदनशील क्षेत्रों को डॉग स्क्वायड द्वारा सर्चिंग करवाया गया।

पैदल गश्त के दौरान युवाओं तथा आमजन को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग, फिशिंग, साइबर बुलिंग एवं डिजिटल धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों के बारे में उदाहरण सहित समझाया गया। सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड, ओटीपी गोपनीयता तथा संदिग्ध लिंक से बचने के संबंध में भी उपयोगी जानकारी दी।

पैदल गश्त के दौरान युवाओं तथा आमजन को नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई गई तथा सामाजिक सौहार्द भाईचारा बनाए रखने के संबंध में आदि संवाद स्थापित किया गया।

जोधपुर पुलिस का नवाचार : बाइक द्वारा बीट गश्त-

पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार, प्रत्येक थाना क्षेत्र में दो-दो बाइक पर दो-दो जवानों द्वारा बीट गश्त की गई।
इस दौरान बीट क्षेत्र में निवासरत महत्वपूर्ण व्यक्तियों, बुजुर्गों एवं अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क कर विश्वास कायम किया गया तथा बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाया गया।
बीट कांस्टेबल व लिंक कांस्टेबल ने अपने-अपने क्षेत्र में आमजन से शिकायत सुनी तथा समाधान भी किया साथ ही आमजन से आग्रह किया कि गैरकानूनी, अनैतिक ,अवैध शराब /हथियार/ मादक पर्दाथ बिक्री व संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि आदि की जानकारी होने पर तुरंत पुलिस का सूचित करें। आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

बाइक बीट गश्त के दौरान कालिका पेट्रोलिंग यूनिट टीम द्वारा महिला जागरूकता एवं आत्मरक्षा से संबंधित स्थानीय महिलाओं से संवाद किया तथा राजकोप सिटिजन ऐप डाउनलोड करवाने के साथ नीड हेल्प एवं 1090 महिला गरिमा हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई।

बाइक गश्त के दौरान बीट क्षेत्र में युवाओं को नशे की दुष्ट प्रवृत्ति, उसके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर युवाओं को खेल, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही गैर कानूनी व आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने हेतु सचेत किया।

आमजन से अपील-

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की गैरकानूनी, अनैतिक गतिविधि,अवैध शराब, हथियार, मादक पदार्थों की बिक्री अथवा संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी हो, तो तुरंत:नजदीकी पुलिस थाना पुलिस नियंत्रण कक्ष 100 /112 व्हाट्सएप नंबर 9530440800 पर सूचित करें।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष

आयुक्तालय जोधपुर

रूट मार्च-

पैदल गश्त-

बाइक गश्त-